—प्रेस नोट—

दिनांक-25.02.2021

जनपद मीरजापुर।

थाना मड़िहान पुलिस द्वारा शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोपी वांछित अभियुक्त गिरफ्तार —

अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मड़िहान पुलिस द्वारा शादी की झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोपी वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। दिनांक 22.02.2021 को थाना मड़िहान क्षेत्र निवासी वादिनी (उम्र लगभग 17 वर्ष 09 माह) द्वारा थाना मड़िहान पर थाना मड़िहान क्षेत्र निवासी युवक के विरूद्ध शादी की झांसा देकर स्वयं के साथ दुष्कर्म करने के संबंध में तहरीर दी गयी, इस सूचना पर थाना मड़िहान पर अभियोग पंजीकृत किया गया था। उक्त अभियोग की विवेचना एवं वाछिंत अभियुक्त की गिरफ्तारी के क्रम में त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सिंह थाना मड़िहान मयहमराह हे0का0 अनिल कुमार वर्मा, का0 हिमाशु मिश्रा, म0का0 रेनू द्वारा वाछिंत अभियुक्त आयुष पटेल पुत्र शीतला प्रसाद पटेल निवासी बघौड़ा थाना मड़िहान मीरजापुर को आज दिनांक 25.02.2021 को समय 09.45 बजे बघौड़ा नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर मा0न्यायालय/जेल भेजा गया।